उमराह यात्रा के नाम पर 46 लाख रुपए ठगने वाले दम्पति गिरफ्तार

दोनों एक साल से फरार थे, पुलिस ने 10-10 हजार रु. का इनाम घोषित कर रखा था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। सस्ते में उमराह यात्रा कराने का झांसा देकर 46 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में रामगंज थाना पुलिस ने एक इनामी दम्पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले करीब एक साल से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।



आरोपी मोहम्मद आरिफ और उसकी पत्नी गुलफशा

- आरोपियों ने कस्टम अधिकारी बनकर दिया था ठगी को अंजाम

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि 10 फरवरी 2026 को परिवादी मोहम्मद अनीस पुत्र मोहम्मद हनीफ ने रामगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि फरहत हुसैन उर्फ मोहम्मद आरिफ और उसकी पत्नी गुलफशा ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर परिवादी और उसके रिश्तेदारों को कम कीमत में उमराह यात्रा करवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने इस बहाने उनसे कुल 46 लाख रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर रामगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस निरीक्षक एवं रामगंज थानाधिकारी गौतम डोटासरा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता और हेड कांस्टेबल कृष्णअवतार तथा रामलाल से मिली सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। लगातार पीछा करने के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में फरहत हुसैन उर्फ मोहम्मद आरिफ (30) पुत्र शौकत हुसैन और उसकी पत्नी गुलफशा (28) शामिल हैं। दोनों मूल रूप से दुकालपुरा, पड़ाव रोड, थाना दाहोद टाउन ए डिवीजन, जिला दाहोद (गुजरात) के निवासी हैं। जयपुर में इनके निवास के ब्रह्मपुरी हाल जयसिंहपुरा खोर का पता सामने आया है।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी फरहत हुसैन के खिलाफ जयपुर के जवाहर नगर, करणी विहार, गलतागेट और रामगंज थानों में धोखाधड़ी एवं अमानत में खयानत से जुड़े चार मामले दर्ज हैं। इन मामलों में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 406 तथा भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें से कई मामलों में पुलिस चालान भी पेश कर चुकी है। वहीं, उसकी पत्नी गुलफशा के खिलाफ भी रामगंज थाने में मामला दर्ज है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उनकी गिरफ्तारी से ठगी की अन्य वारदातों और नेटवर्क के संबंध में भी खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

पता पूछने के बहाने वृद्धा के गले से सोने की चेन तोड़ी

जयपुर। बिंदायका थाना इलाके में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने मकान का पता पूछने के बहाने महिला को रास्ते में रोका और मौका पाकर उसके गले से सोने का जोल्या तोड़कर फरार हो गए। वारदात के बाद महिला घबरा गई। महिला के पोते ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र ने बताया कि सिवार मोड़, गणेश नगर, बिंदायका निवासी मुकेश कुमार योगी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे उनकी दादी सूजी देवी घर से मंदिर जाने के लिए निकली थीं। घर से कुछ दूरी पर रास्ते में बाइक सवार एक युवक ने उन्हें रोक लिया। युवक ने मकान का पता पूछने के बहाने बातचीत शुरू की और इसी दौरान उनके गले पर झपट्टा मारकर सोने का जोल्या तोड़ लिया। इसके बाद बदमाश तेज रफ्तार से बाइक लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन बदमाश का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

जलवायु कार्रवाई में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका : डॉ. मिश्रा

देश के 651 कृषि जिलों में से 310 जलवायु की दृष्टि से संवेदनशील

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने और वैश्विक जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने में भारत नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सतत खाद्य प्रणालियों के विकास के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, स्थानीय स्तर के आंकड़ों और साक्ष्य आधारित नीतियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। डॉ. मिश्रा बुधवार को आईआईएम कोझिकोड में विकास के लिए पर्यावरण (ईएफडी) नेटवर्क की 20वीं वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का असर केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि उत्पादकता, जल उपलब्धता, खाद्य पदार्थों की कीमतों, जनस्वास्थ्य और आजीविका पर भी पड़ रहा है। खाद्य सुरक्षा के लिए पर्याप्त उत्पादन के साथ लोगों को किफायती, विविधतापूर्ण और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के राष्ट्रीय नवाचार कार्यक्रम के आकलन के अनुसार देश के 651 कृषि जिलों में से 310 जिले अत्यधिक अथवा बहुत अधिक जलवायु संवेदनशील हैं। ऐसे में एकसमान नीति के बजाय स्थानीय कृषि और जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप अनुकूलन उपाय अपनाने की आवश्यकता है। डॉ. मिश्रा ने फसल विविधीकरण और मोटे अनाजों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित कराने के लिए प्रधानमंत्री की पहल से मोटे अनाजों के पोषण और पर्यावरणीय महत्व को वैश्विक पहचान मिली। इससे जलवायु अनुकूल खाद्य प्रणालियों को भी प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने और वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2031-2035 के लिए अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) से देश की जलवायु प्रतिबद्धताओं को और मजबूती मिली है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) और आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) जैसी पहल वैश्विक सहयोग में भारत की भूमिका को दर्शाती हैं। डॉ. मिश्रा ने विकासशील देशों के बीच अनुसंधान और नीतिगत साझेदारी मजबूत करने की अपील करते हुए कहा कि ईएफडी नेटवर्क जैसे मंच वैज्ञानिक शोध को व्यावहारिक नीतियों से जोड़ने, ज्ञान के आदान-प्रदान और संस्थागत क्षमताओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने जिला स्तर पर वर्षा, जल उपलब्धता, मिट्टी, फसल प्रदर्शन और पोषण संबंधी विश्वसनीय आंकड़ों के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया।

मौसम साफ होते ही सर्दी ने पकड़ी रफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मौसम साफ होते ही प्रदेश में सर्दी रफ्तार पकड़ने लगी है। प्रदेश के 10 शहरों का रात का पारा 15 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। सीकर की रात सबसे सर्द रही। आगामी दो दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 14-15 नवंबर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

- सीकर समेत 10 शहरों का पारा 15 डिग्री से नीचे पहुंचा

मौसम विभाग के अनुसार भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, चूरू, डबोक, पिलानी, सीकर, वनस्थली, सिरोही, फतेहपुर और नागौर का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। सीकर की रात माउंट आबू से सर्द रही। सीकर का रात का पारा 10 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि माउंट आबू का रात का पारा 15.2 डिग्री दर्ज किया गया। करीब 37 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 22 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। जयपुर के रात के पारे में 1.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 30.8 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में आगामी 3 दिन मौसम शुष्क रहने की प्रबल संभावना है।

हालांकि, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 14-15 नवंबर को पश्चिमी व उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने व कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। राज्य के कुछ भागों में 15 नवंबर के बाद न्यूनतम व अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

पहचान छिपाकर जयपुर में ही फरारी काट रहा शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ पर 5 हजार रुपए इनाम रखा हुआ था, यह शातिर बदमाश पिछले 2 साल से फरार था

जयपुर। मानसरोवर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में दो साल से फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अम्बेडकर उर्फ मोडा अपनी पहचान छिपाकर जयपुर में ही परिवार के साथ रह रहा था। उसके खिलाफ राजस्थान के विभिन्न जिलों के थानों में वाहन चोरी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों के करीब 20 मामले दर्ज हैं।



पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मानसरोवर थाने में 18 अप्रैल 2025 को मामला दर्ज किया गया था। परिवादी की रिपोर्ट के अनुसार भारत माता सर्किल, मानसरोवर से टाटा एस गाड़ी चोरी हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने एक अन्य आरोपी अमरचंद उर्फ अंकित को दस्तयाब कर चोरी की गई गाड़ी बरामद कर ली थी, जबकि मुख्य आरोपी अम्बेडकर उर्फ मोडा फरार हो गया था। इधर आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। उसकी तलाश के लिए मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद्र के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों से मिली सूचनाओं के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। दीपावली के दौरान की गई तस्दीक में सामने आया कि आरोपी जयपुर में ही अपनी पहचान छिपाकर परिवार के साथ रह रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से आरोपित अम्बेडकर उर्फ मोडा (29) निवासी जौरा जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) हाल मानसरोवर जयपुर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर वाहन चोर है। उसके खिलाफ टोडाभीम, श्यामनगर, सिकंदरा, आंधी, शाहपुरा, चंदवाजी, थानागाजी, कानोता, सैथल, रूपवास और अजमेर सहित राजस्थान के विभिन्न थानों में कुल 20 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश मामलों में पुलिस पूर्व में आरोप पत्र पेश कर चुकी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी की अन्य वारदातों और उसके आपराधिक नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

फर्जी कस्टमर केयर नंबर के कारण हुई 95 हजार की ठगी

जयपुर (कासं)। शिप्रापथ इलाके में ऑनलाइन खरीदारी के बाद सामान लौटाने के लिए गूगल पर कस्टमर केयर नंबर तलाशना एक महिला को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने फर्जी कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर महिला को बातों में उलझाया और 95 हजार रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने गलती से खाते से 1 लाख 42 हजार रुपए कटने और पूरी राशि रिफंड करने का झांसा देकर महिला से 95 हजार रुपए अपने बताए मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने शिप्रापथ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। एएसआई भागीरथमल ने बताया कि मानसरोवर के थड़ी मार्केट निवासी धमेन्द्रा शर्मा (57) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 8 नवंबर को उन्होंने ऑनलाइन दो बेडशीट मंगवाई थीं। बेडशीट पसंद नहीं आने पर उन्हें वापस करने के लिए महिला ने गूगल पर जेप्टो का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। इस दौरान ऑनलाइन मिले एक मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर दूसरी तरफ मौजूद युवक ने खुद को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताकर बातचीत शुरू की। शातिर ने बातचीत के दौरान महिला को बताया कि गलती से उनके खाते से 1 लाख 42 हजार रुपए कट गए हैं। उसने कहा कि बताए गए मोबाइल नंबर पर 95 हजार रुपए ट्रांसफर कर दें, इसके बाद पूरी राशि रिफंड कर दी जाएगी। ठग की बातों में आकर महिला ने बताए गए नंबर पर 95 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।

केसीसी कार्ड पर लोन देने के बदले रिश्वत लेने वाले बैंक के सीनियर मैनेजर को सजा

जयपुर (कासं)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 ने किसान क्रेडिट कार्ड से लोन देने की एवज में किसान से रिश्वत लेने वाले दौसा के मानपुर स्थित यूको बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक रामचन्द्र मीणा को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मंजुला जैन ने अदालत को बताया की सिकराय निवासी किसान विवेक राज मीणा ने 5 अप्रैल, 2021 को एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसने किसान क्रेडिट कार्ड से अस्सी हजार रुपए का लोन लिया था। उसे 22 मार्च को सत्तर हजार रुपए की दिए और अनेक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए। वहीं यूको बैंक के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक रामचन्द्र मीणा ने छह हजार रुपए रिश्वत देने पर ही शेष दस हजार रुपए रिलीज करने की बात कही। एसीबी ने रिश्वत की मांग का सत्यापन कर हेड कैशियर को पांच हजार रुपए लेते हुए एवं अभियुक्त वरिष्ठ प्रबंधक को गिरफ्तार किया। मामले में बैंक के तत्कालीन महाप्रबंधक ने अक्टूबर, 2021 को अभियुक्त के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी की थी। वहीं 3 मार्च, 2022 को एसीबी ने विशेष अदालत में आरोप पत्र पेश किया था।

युवती का पर्स छीना

जयपुर। मुरलीपुरा इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवती का पर्स छीनकर फरार हो गया। वारदात पथ नंबर 7 स्थित दीपा ब्यूटी पार्लर के बाहर हुई। युवती पार्लर से बाहर निकली ही थी कि बाइक सवार बदमाश उसके हाथ से पर्स छीनकर भाग निकला। पर्स में सोने के जेवरात और 25 हजार रुपए नकद रखे थे। सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार के अनुसार पीडिड़ता ोनू शर्मा ने मुरलीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

दो घरों से लाखों के जेवरात-नकदी चोरी

जयपुर। शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। एक वारदात में परिवार के सदस्य घर में ही सोते रहे और चोर छत का गेट तोड़कर अंदर घुस गए। बदमाशों ने सो रहे परिवार के कमरों को बाहर से बंद कर दिया और पूजा घर में रखी अलमारी के लॉकर से जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। दूसरी वारदात आकेड़िया गांव में हुई, जहां चोर घर के ताले तोड़कर अलमारी और बक्सों में रखे गहने चुरा ले गए। एएसआई बाबूलाल ने बताया कि गोदूराम मीना की ढाणी, शिवदासपुरा निवासी शंकरलाल मीना (47) के घर चोरी हुई। शनिवार रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो गए थे। देर रात करीब ढाई बजे बदमाश छत पर चढ़े और सीढ़ियों के गेट को तोड़कर घर में प्रवेश कर गए। इसके बाद परिवार के सदस्यों के सोने वाले कमरों को बाहर से बंद कर दिया। बदमाश पूजा घर में रखी अलमारी के लॉकर से लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ले गए। परिवार के सदस्यों की नींद खुलने पर वारदात का पता चला। दूसरी वारदात शिवदासपुरा के आकेड़िया निवासी श्योजीराम शर्मा (56) के घर हुई। परिवार के सदस्य रात को घर के अंदर सो रहे थे। सुबह उठने पर कमरों के ताले टूटे मिले और जेवरात गायब मिले।

भगवान बिरसा मुंडा और जनजाति गौरव दिवस पर प्रदेशभर में होंगे विविध कार्यक्रम : मन्नालाल रावत

जनजाति नायकों के स्मारकों की सफाई, दीपोत्सव, प्रभात फेरी, शोभायात्रा व युवा संवाद जैसे कार्यक्रम होंगे

जयपुर। भाजपा एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती एवं जनजाति गौरव सप्ताह के तहत भाजपा, प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा सहित जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता सेनानियों, वीर नायक-नायिकाओं, संतों और समाज सुधारकों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए रावत ने कहा कि जनजाति गौरव सप्ताह के तहत 14 नवंबर को विभिन्न जिलों में जनजातीय समाज के महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों एवं प्रतिमाओं की साफ-सफाई की जाएगी। स्मारक स्थलों पर दीपोत्सव आयोजित कर जनजातीय बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। रावत ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत 16 से 20 नवंबर तक खेल एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं 15 से 20 नवंबर तक युवा संवाद आयोजित किया जाएगा। राजस्थान में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय समन्वय के लिए पूर्व महामन्त्री मोतीलाल मीणा को प्रदेश संयोजक बनाया है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

- आजादी के बाद जनजाति समाज को भाजपा सरकारों ने उचित सम्मान दिया : रावत

भाजपा एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नालाल रावत ने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। प्रत्येक मंडल में भगवान बिरसा मुंडा सहित स्थानीय जनजातीय नायकों की प्रतिमाओं एवं चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही जनजातीय छात्रावासों में संपर्क अभियान चलाकर युवाओं से संवाद किया जाएगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जनजातीय समाज के युवाओं को जोड़ने के लिए युवा संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं, मेले और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राएं निकालकर जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। रावत ने बताया कि, राज्य सरकार की ओर से 23 नवंबर को अनुसूचित क्षेत्र के डूंगरपुर जिले में वणेश्वर धाम पर जनजाति गौरव जनसभा कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वरोजगार और आजीविका से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी। रावत ने बताया कि जनजातीय समाज के विकास और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में भाजपा सरकारों ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में वर्ष 1999 में अलग जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया गया। वर्ष 2003 में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन का प्रावधान किया।

मकान देखने गई युवती से नशे में धुत पड़ौसी ने की मारपीट

जयपुर। नारायण विहार इलाके में मकान खरीदने के लिए देखने गई एक युवती के साथ पड़ोसी ने अभद्रता और मारपीट कर दी। शराब के नशे में धुत आरोपी ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर युवती को लोहे की रेलिंग पर धक्का दे दिया और उसका हाथ पकड़कर कई थप्पड मारे। इतना ही नहीं, आरोपी ने अपनी पत्नी से बंदूक लाने के लिए कहा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने नारायण विहार थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार महेश नगर निवासी 31 वर्षीय युवती 6 नवंबर रात मांग्यावास स्थित रणजीत विहार में अपने परिचित के घर गई थी। वह मकान खरीदने के सिलसिले में उसे देखने पहुंची थी। करीब आधे घंटे बाद मकान के सामने रहने वाला पड़ौसी अंकित वहां आ गया। परिचित के घर के बाहर कार खड़ी देखकर शराब के नशे में धुत आरोपी गाली-गलौज करने लगा।

युवती ने बाहर आकर गाली-गलौज का कारण पूछा तो आरोपी अभद्रता करने लगा। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे लोहे की रेलिंग पर धक्का दे दिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने युवती का हाथ पकड़कर कई थप्पड मारे। आरोपी की पत्नी जब बाहर आई तो उसने उससे ऊपर से बंदूक लाने को कहा। साथ ही धमकी दी कि आज इन्हें मार डालूंगा।

सार-समाचार

आईसीआईसीआई लाइफ इंडेक्स फंड लॉंच

मुंबई। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने नया इक्विटी निवेश विकल्प आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड कंपनी की अधिकांश यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस योजनाओं (यूलिप) के साथ उपलब्ध होगा। इसके तहत बीएसई 500 में शामिल 50 ऐसी कंपनियों में निवेश किया जाएगा, जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है और जिनके शेयरों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का रुझान रहा है। फंड में कंपनियों का चयन दो प्रमुख मानकों मोमेंटम और क्वालिटी के आधार पर होगा। इसके लिए रिटर्न ऑन इक्विटी, ऋण-इक्विटी अनुपात और प्रति शेयर आय (ईपीएस) जैसे वित्तीय मानकों के साथ पिछले 12 महीनों में शेयरों के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। बाजार के अवसरों और कंपनियों की कारोबारी स्थिति में बदलाव के अनुसार प्रत्येक तिमाही में पोर्टफोलियो की समीक्षा और पुनर्संतुलन किया जाएगा। कंपनी के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि यह फंड मजबूत कारोबारी मॉडल, बेहतर कमाई की संभावनाओं और सकारात्मक शेयर प्रदर्शन वाली कंपनियों के माध्यम से निवेशकों को लंबी अवधि में संपत्ति बनाने का अवसर देगा। कंपनी के अनुसार, 30 सितंबर तक बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 सूचकांक ने सात साल में 23.7 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इस प्रदर्शन के आधार पर सात साल पहले निवेश किए गए एक लाख रुपये का मूल्य बढ़कर करीब 4.4 लाख रुपये हो गया होता। आईसीआईसीआई लाइफ ने वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में 99.3 प्रतिशत दावा निपटान अनुपात दर्ज किया है। बिना जांच वाले दावों के निपटान में औसतन 1.1 दिन का समय लगा।

अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया



जयपुर। पानीपेच स्थित द्वारिकापुरी संजय कॉलोनी के राधाकृष्ण मनकामेश्वर मंदिर में मंगलवार को गोवर्धन पूजा एवम अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी कॉलोनीवासियो ने भजन एवम आरती कर सात्विक व्यंजनों का अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। एवम प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

दो मोबाइल स्नैचर पुलिस के हत्थे चढ़े



जयपुर। सांगानेर थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचर स्नैचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी लत तथा अन्य शौक पूरे करने के लिए मोबाइल स्नैचिंग करते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचर स्नैचिंग की वारदात करने वाले सोनू वर्मा (21) निवासी जगतपुरा जयपुर और रवि कुमार बैरवा (21) निवासी देही जिला बूंदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

गणगौर जयपुर कला महोत्सव 21 से

जयपुर। गुलाबी नगरी में कला, संस्कृति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। गणगौर टेलीविजन,राजस्थान विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट विभाग एवं प्रतिभा एजुकेशनल डेवलपमेंट रिसर्च सोसाइटी की ओर से 21 से 25 नवंबर तक पांच दिवसीय गणगौर जयपुर कला महोत्सव का आयोजन जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में किया जाएगा। महोत्सव में देशभर के 200 से अधिक ख्यातिप्राप्त कलाकार, चित्रकार, संगीतकार और नृत्यकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गणगौर टेलीविजन के प्रवक्ता शिशिर अवस्थी ने बताया कि महोत्सव के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के कलाकारों की पेंटिंग, मूर्तिकला, डिजाइन, हस्तशिल्प और कला स्थापनाओं से शिल्पग्राम को सजाया जाएगा। कला जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अपने अनुभव और विचार साझा करेंगी। आयोजन के पांचों दिन शाम 6 से रात 9 बजे तक राजस्थान के लोक संगीत और लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। महोत्सव में कला स्थापनाओं, रंगोली, फेस पेंटिंग, पोर्ट्रेट पेंटिंग और मेहंदी सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। युवा कलाकारों के लिए विशेष कला कार्यशालाएं और प्रत्यक्ष कला प्रदर्शन भी होंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे तथा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महोत्सव का विशेष आकर्षण 200 फीट लंबे कैनवास पर आओ बनाओ पेंटिंग थीम के तहत सामूहिक चित्रकारी होगी।